मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-05
02/01/2024

# मुख्यमंत्री ने बेगूसराय के बछवाड़ा में आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत पर गहरा दु:ख व्यक्त किया, दुर्घटना में मृतकों के परिजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की

- **मुख्यमंत्री के निर्देश पर दुर्घटना में मृतकों के परिजन को 04–04 लाख रूपये का मिला अनुग्रह अनुदान**

**पटना, 02 जनवरी 2024 :–** मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के अरवा पंचायत के वार्ड नंबर– 8 में आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की झुलसकर मौत हो जाने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है और दुर्घटना में मृतक के परिजन के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दु:खद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ।

मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजन को अविलंब 04–04 लाख रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया था जिसके आलोक में जिला प्रशासन बेगूसराय द्वारा मृतक के निकटतम परिजन को 04–04 लाख रूपये का चेक उपलब्ध करा दिया गया है।

******